दैनिक जागरण

03/10/16



# लखीसराय में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़



- पीरी बाजार के पहाड़ी पर हुआ सामना, हताहत हुए नक्सली
- एसपी ने कुछ नक्सलियों के घायल होने का किया दावा

**संसू., सूर्यगढ़ा (लखीसराय) :** नक्सल प्रभावित थाना क्षेत्रों में रविवार को पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। एसडीपीओ पंकज कुमार के नेतृत्व शुरू हुए अभियान में पुलिस के अलावा कोबरा, सीआरपीएफ एवं एसटीएफ के जवान शामिल थे। आपरेशन के दौरान ही पीरी बाजार थाना क्षेत्र के लठिया व बंगाली बांध के बीच पहाड़ी पर नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। नक्सली दबाव को देखते हुए यहां पुलिस ने मोर्टार से हमला किया। इससे नक्सली पीछे भागने को विवश हो गए। पुलिस की तरफ से किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

एसपी अशोक कुमार ने बताया कि मुठभेड़ में कई नक्सली जख्मी हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल से भारी मात्रा में नक्सलियों का सामान को बरामद किया है। इसमें विस्फोटक एवं हथियार बनाने की सामग्री के अलावा अन्य कई आपत्तिजनक सामग्री है। एसडीपीओ पंकज कुमार ने बताया कि नक्सली पहाड़ी का सहारा लेकर पुलिस पर फायरिंग करने लगे। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। दोनों तरफ से करीब सौ राउंड फायरिंग हुई है। शाम होने से पहले पुलिस जवान जंगलों से बाहर निकल गए। अभियान में कजरा थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, पीरी बाजार थानाध्यक्ष हरिशंकर कश्यप के अलावा नरोत्तमपुर कजरा सीआरपीएफ कैंप के सहायक कमांडेंट अंशुमन कुमार, कोबरा के सहायक कमांडेंट जितेंद्र कुमार, चानन थाना क्षेत्र के बन्नूबगीचा सीआरपीएफ कैंप के अंजनी कुमार, मेदनीचौकी के एसआई अमलेश कुमार व भारी संख्या में कोबरा, एसटीएफ एवं सीआरपीएफ के जवान शामिल थे।

## नक्सलियों के लिए मछली फ्राई ले जा रहे दो लोग गिरफ्तार

**संसू, इमामगंज (गया) :** जिले के नक्सल प्रभावित इमामगंज-शेरघाटी मुख्यमार्ग में गुरिया गांव के समीप बोलेरो से 50 किलो फ्राई मछली लेकर जा रहे दो नक्सली समर्थकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चार मोबाइल भी जब्त किए हैं। सीआरपीएफ के अधिकारी को सूचना मिली की औरंगाबाद जिले के नवीनगर से दो नक्सली समर्थक बोलेरो से मछली लेकर नक्सलियों को डिलीवरी देने जा रहे हैं। औरंगाबाद के सिराज, पलामू के शमसे व औरंगाबाद के मुश्ताक को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि चालक सहित सभी को जेल भेज दिया गया।

## नक्सलियों ने थानाध्यक्ष को दी धमकी

**मुंगेर :** अंबेदकर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेदकर की प्रतिमा के चबूतरे पर नक्सलियों ने शनिवार देर रात को पोस्टर चिपका कर हवेली खड़गपुर के थानाध्यक्ष को धमकी दी है। इस कथित नक्सली पर्चे में मारपीट के मामले में गिरफ्तार किए गए मुखिया भीम मंडल को नहीं छोड़ने पर थानाध्यक्ष को अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। मुंगेर-जमुई भागलपुर जोनल कमेटी के नाम से यह पर्चा चिपकाया गया है। थानाध्यक्ष राजेश राय का कहना है कि यह नक्सलियों नहीं, असामाजिक तत्वों की करतूत है।



अंबेडक चौक पर चिपकाया गया नक्सली पर्चा। जागरण

हिन्दुस्तान

## पुलिस से मुठभेड़ दो नक्सली ढेर

**लखीसराय।** जिले के पीरी बाजार थाना क्षेत्र के लठिया कोड़ासी और बंगाली बांध के बीच हनुमानथान में पुलिस और नक्सलियों में रविवार दोपहर मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने की आशंका है। > ब्योरा पेज 14

# लखीसराय में पुलिस से मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

लखीसराय | वरीय संवाददाता

नक्सलियों के छिपे होने की गुप्त सूचना पर कांबिंग ऑपरेशन को निकली पुलिस और नक्सलियों के बीच रविवार की दोपहर डेढ़ घंटे से ज्यादा तक मुठभेड़ चली। मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने व आधा दर्जन से अधिक के घायल होने की बात सामने आ रही है।

मुठभेड़ पीरी बाजार क्षेत्र के लठिया कोड़ासी और बंगाली बांध के बीच हनुमानथान में हुई। जिला पुलिस और सीआरपीएफ के इस संयुक्त अभियान में कोबरा बटालियन की ओर से हैंड ग्रेनेड व मोर्टार से हमला किया गया। हालांकि पुलिस के हाथ कोई नहीं लगा, जबकि पुलिस को देख भाग रहे एक ग्रामीण को शक के आधार पर हिरासत में लिया गया है। एसडीपीओ पंकज कुमार व सीआरपीएफ कमांडेंट कुमार प्रदीप के नेतृत्व में पुलिस पीरीबाजार और कजरा की ओर से अलग-अलग जंगलों में घुसी थी। पुलिस के अनुसार उनकी ओर से करीब 100 राउंड गोली चली, जबकि नक्सलियों की ओर से भी 25-30 राउंड फायरिंग हुई। जवानों के ऊपर नक्सलियों द्वारा फायरिंग शुरू किए जाने के बाद जमुई सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन ने ग्रेनेड और मोर्टार से हमला बोला, तब नक्सली भागे।

### सर्च ऑपरेशन

- पीरी बाजार के जंगल में कई के घायल होने की आशंका
- पुलिस को देख कर भाग रहे ग्रामीण को लिया हिरासत में

### थानाध्यक्ष को धमकी

**हवेली खड़गपुर (मुंगेर)।** नगर के अंबेडकर चौक पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मारक स्थल पर स्थापित प्रतिमा के पास नक्सलियों ने शनिवार की रात पर्चा चिपका कर हवेली खड़गपुर थानाध्यक्ष को धमकी दी है। नक्सलियों ने बनगामा मुखिया को छोड़ने अथवा परिणाम भुगतने की धमकी दी है। इधर सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पर्चा को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पीएलएफआई का रंजन गिरफ्तार

**फतुहा/ पटना।** पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य रंजन कुमार को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी फतुहा थाने के जेठुली से की गयी। शनिवार को पुलिस ने उसके घर से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद की थी मगर वह फरार हो गया था। शनिवार को जेठुली से पुलिस ने वीर मोहन को गिरफ्तार कर पूछताछ की थी तो उसने बताया था कि पिस्टल रंजन के पास है। इसके बाद पुलिस ने उसके घर छापेमारी की थी। वीर मोहन भी पीएलएफआई से जुड़ा है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि रंजन के खिलाफ लूट व आर्म्स एक्ट के तीन मामले हिलसा और फतुहा थाने में दर्ज है।

हिन्दुस्तान

## ट्रेन उड़ाने के साजिश मामले में एफआईआर

**रक्सौल (पू.चं)।** घोड़ासहन में डेमू ट्रेन को उड़ाने के लिए रेललाइन पर रखे गए कुकर बम मामले में रक्सौल रेल थाने में शनिवार देर रात अज्ञात शरारती तत्वों पर एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर पीडब्ल्यूआई किशोर कुमार झा के आवेदन पर दर्ज हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्रभात खबर

## मोतिहारी » नेपाल से लाया गया था कुकर बम

घोड़ासहन में सवारी ट्रेन को उड़ाने के लिए नेपाल से आइइडी (कुकर बम) लाया गया था. सुरक्षा एजेंसियों की जांच में यह बात सामने आयी है. यह भी पता चला है कि घटना के पीछे नक्सलियों की साजिश थी. जिले के दर्जन से अधिक हार्डकोर नक्सली जमानत पर छुटे है. इनमें चार नक्सलियों का लोकेशन फिलहाल नेपाल में मिला रहा है.

→ Sucf (dat)
— Condition of register is not good.
Pse do something